# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी०ए०/2772
दिनांक : 15.06.2020

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक, वि०वि० परिसर,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषय– विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून, 2020 के उपलक्ष्य में विशेष मासिक अभियान 14 जून से 13 जुलाई, 2020 तक चलाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन के **संलग्न** पत्र संख्या–1218/सत्तर–3–2020 दिनांक 12 जून, 2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके आलोक में शासन द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून, 2020 से विशेष मासिक अभियान 13 जुलाई, 2020 तक चलाये जाने व विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों को राजकीय रक्तकोषों व रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने हेतु तथा भावी रक्तदाता के रूप में पंजीकरण करने हेतु प्रेरित कराने एवं विषयगत कार्य हेतु जनपदों में विभागों की ओर से नोडल अधिकारी नामित करते हुये उ०प्र० राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ को विवरण प्रेषित करने हेतु जनपदों में समन्वयक स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के क्रम में मा० कुलपति जी आदेशानुसार विश्वविद्यालय स्तर पर डा० विरेन्द्र सिंह, प्राचार्य, डी०जे० कालेज, बड़ौत (बागपत) एवं समन्वयक, एन०एस०एस०, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, तथा आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप शासन के पत्र के आलोक में अपने–अपने विभाग/महाविद्यालय/संस्थान में विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून, 2020 से विशेष मासिक अभियान 13 जुलाई, 2020 तक चलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:– यथोपरि।

भवदीय,
15-06-2020
कुलसचिव

प्रतिलिपि:–

01. सचिव, कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. डा० विरेन्द्र कुमार, प्राचार्य/समन्वयक, एन०एस०एस० विभाग, चौधरी चरण सिंह, वि०वि०,मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04. परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
05. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
06. समस्त उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/का०अधीक्षक/प्रभारी,
07. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।
08. प्रभारी, वेबसाइट

कुलसचिव

शीर्ष प्राथमिकता/महत्वपूर्ण

संख्या– 1218/सत्तर–3–2020

प्रेषक,

**योगेन्द्र दत्त त्रिपाठी,**
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2– **कुलसचिव,**
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3– **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ: दिनाँक 12 जून, 2020

**विषय:–विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून, 2020 के उपलक्ष्य में विशेष मासिक अभियान 14 जून से 13 जुलाई, 2020 तक चलाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, गोमती नगर, लखनऊ के पत्र दिनांक 10.06.2020 की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पत्र में उल्लिखित स्थितियों के दृष्टिगत विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून, 2020 के उपलक्ष्य में चलाये जा रहे विशेष मासिक अभियान (14 जून से 13 जुलाई, 2020 तक) में विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को राजकीय रक्तकोषों/रक्तदान शिविरों में रक्तदान करने हेतु तथा भावी रक्तदाता के रूप में पंजीकरण करने हेतु प्रेरित कराने का कष्ट करें।

2– इसी सम्बन्ध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि विषयगत कार्य हेतु जनपदों में विभाग की ओर से नोडल अधिकारी नामित करते हुए उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ को विवरण प्रेषित करते हुए जनपदीय रक्तकोषों से समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक–यथोक्त।**

(योगेन्द्र दत्त त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

पंकज कुमार
आई.ए.एस.

प्रमुख सचिव ... 11/06/2020

संख्या – 1216 / सत्तर-3-2020

उ0 प्र0 राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी
ए-ब्लॉक, चतुर्थ तल, पिकप भवन, विभूति खण्ड
गोमती नगर, लखनऊ – 226 010

अ0शा0 पत्र सं0: BS/CS/VBD/190/2020-21/3561
दिनांक: 10.06.2020

संख्या 1305 /सी0एस0/एच0ई0डी0/2020

Respected Madam,

स्वैच्छिक रक्तदान से प्राप्त रक्त ही सबसे सुरक्षित होता है। प्रदेश को लगभग 22 लाख रक्त यूनिटों की प्रतिवर्ष आवश्यकता है। प्रदेश के रक्तकोषों द्वारा वर्ष 2019–20 में 13.59 लाख रक्त यूनिट एकत्रित किया गया है। जिसमें स्वैच्छिक रक्तदान का प्रतिशत बहुत ही कम है। जिसको बढ़ाये जाने की आवश्यकता है एवं यह तभी सम्भव है जब हम सब एकत्र कार्य में सहयोग दें।

(मोनिका एस गर्ग)
प्रमुख सचिव
उच्च शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

कोविड–19 के संक्रमण के दृष्टिगत राजकीय रक्तकोषों में रक्त संग्रहण प्रभावित हुआ है, जिससे गर्भवती माताओं, गम्भीर रूप से बीमार रोगियों, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों, हीमोफीलिया/थैलीसीमिया जैसे रोगों से ग्रसित रोगी आदि को बिना प्रतिस्थापी रक्त मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

अतः विश्व रक्तदाता दिवस– 14 जून, 2020 के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे विशेष मासिक अभियान 14 जून से 13 जुलाई, 2020 तक राजकीय रक्तकोषों/रक्तदान शिविरों में विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों को रक्तदान हेतु तथा भावी रक्तदाता के रूप में पंजीकरण करने हेतु प्रेरित कराने का कष्ट करें जिससे आवश्यकता पड़ने पर जरूरतमंद को दुर्लभ एवं शुद्ध (सुरक्षित निगेटिव ब्लड ग्रुप) की कमी से होने वाली जीवन हानि से बचाया जा सके। यह भी अनुरोध है कि जनपदों में नोडल अधिकारी नामित करते हुए उ0प्र0 राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ को विवरण प्रेषित करने का कष्ट करें जिससे जनपदीय रक्तकोषों द्वारा समन्वय स्थापित किया जा सके।

आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आपके सहयोग से राजकीय रक्तकोषों में आवश्यकतानुसार रक्त की उपलब्धता हो सकेगी।

regards,

भवदीय

(पंकज कुमार)
10/6/2020

श्रीमती मोनिका एस गर्ग,
प्रमुख सचिव,
उच्च शिक्षा विभाग,
उ0प्र0 शासन।

12/6/2020

दूरभाष : 0522-2720360, 2720361(Dir.), फैक्स : 0522-2721135, ई-मेल : pd.upsacs@gmail.com